# पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

कक्षा-10-प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2019 -2020

निर्धारित समय :**3** घण्टे अधिकतम अंक : **80**

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड-क

प्रश्न **1**-अ.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है। भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है। भविष्य के बारे में सोचिए जरूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अतः नींव को मजबूत , बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य को भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे। आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा। जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें यह सोचते हुए समय खराब न करें कि अब मेरा क्या होगा मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है। वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है। भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिताएँ घेर लेती हैं। ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं। ये बाधाएँ हमारे उत्साह को लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है। नि:संदेह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए। भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्वपूर्ण है।

∗-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [5]

(क) आज का विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर देता है? इसे त्याज्य क्यों माना गया है?

(ख) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है और कैसे?

(ग) समय का हमारे जीवन में क्या महत्त्व बताया गया है?

(घ) हम अंततः लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं? इससे कैसे बचा जा सकता है?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न ब .निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5]

मेरे अंदर एक देश बसता है।
जिंदगी से हारकर जब उदास होता है वह
प्यार देता है।
दुलार देता है।
अपनी बाँहों में कसता है।
मेरे अंदर
एक सभ्यता है।
एक संस्कृति है।
जो जीने की राह बताती है।
सदियों पुरानी होकर
अमर-नवीन कहलाती है।
स्कूल-कालेज-अस्पताल
कल-कारखाने-खेत
नहरें-बाँध-पुल हैं,
जहाँ श्रम के फूल खिलते हैं।
और अड़सठ करोड़ लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं।
मेरे अंदर
कश्मीर-ताज-अजंता-एलोरा का
कुँआरा रूप झिलमिलाता है।
हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है।

(क) कवि के मन में जो देश बसा है, वह उसे निराशा के अवसरों पर भी क्या देता है? समझाइए।

(ख) देश की सभ्यता संस्कृति की विशेषताएँ क्या हैं?

(ग) क्या सदियों पुरानी हो कर आज भी नवीन कहालती है?

(घ) कितने करोड लोग गले मिलते है?

(ड) उचित शीर्षक लिखिए|

## खण्ड-ख

प्रश्न 2-निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1 .शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है? उदाहरण देकर समझाइए। [1]

2 .शब्द किसे कहते हैं? [1]

3 .नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए [4]

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकाने के दालान में दो रोशनदान थे। (मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया। (संयुक्त वाक्य में)

(ग) आप जो कुछ कह रहे हैं यह बिलकुल सच है। (सरल वाक्य में)

(घ) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं। (मिश्र वाक्य में)

4 .निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध कीजिए [2]

(क) मैं यह कार्य आसानी पूर्वक कर सकता हूँ।

(ख) उस पर घड़ों पानी गिर गया।

(ग) जो मैंने करा वह तुम कभी नहीं कर सकते।

(घ) उसकी तो अक्ल मर गई।

(ङ) मैं सादरपूर्वक निवेदन करता हूँ।

5 .किन्हीं दोरिक्त स्थानों की पूर्ति उचितमुहावरों द्वारा कीजिएः [2]

(क) मुझे ::::::" मत समझना, मैं तुम्हारी हर चाल समझता हूँ।

(ख) तुम तो हर छोटी-बड़ी बात पर :::::::: लेते हो।

(ग) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की सेना के ::::: दिए।

6 .दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- अ-नदी ब-चाँद [2]

7 .संधि जोडिए- अ-हिम+आलय- ब-महा+इश- [2]

8 .संधिविच्छेद करिए- [2]

अ-संतोष- ब-विद्ध्यापति-

प्रश्न 3-अ.पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [4]

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति,विघ्न जो पड़े उन्हें धकेलते हुए|
घटे न हेलमेल हाँ ,बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी|
तभी समर्थ भाव है कि तरता हुआ ट्रे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे|

-बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर चुनिए-

1-अभीष्ट मार्ग से क्या तात्पर्य है?

अ-अपनी इच्छा का मार्ग   ब-दूसरों कि बताये मार्ग   क-पूर्वजों के अपनाए मार्ग

2-विघ्न बाधा आने पर क्या करना चाहिए-

अ-बाधा को दूर करना चाहिए  ब-डट कर मुकाबला करना चाहिए क-सहर्ष खेलना चाहिए

3-कवि के अनुसार सच्चा मानव कौन है?

अ-जो अभीष्ट मार्ग पर चले   ब-जो विपत्तियों में हंसे   क-जो दूसरों पर प्राण न्योछावर करें

4-कवि परस्पर मेल बढ़ने का परामर्श क्यों  देते है?

अ-भेदभाव न बढ़ने देना   ब-प्रेम  से रहना   क-एक ही मार्ग पर आगे बढना

ब .पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [10]

पक्षियों का प्राकृतिक आवास नष्ट होने से पक्षी यहाँवहाँ शरण लेने को विवश हुआ। लेखक के फ्लैट- के रोशनदान में दो कबूतरों ने अपना डेरा जमा लिया और उसमें अंडे दे दिए उन अंडों से बच्चे निकल आए थे। छोटे बच्चों की देखभाल के लिए कबूतर वहाँ बार जाया करते थे। इस आवाजाही में कई वस्तुएँ-बार आया-गिरकर टूट जाती थीं। इसके अलावा वे लेखक की पुस्तकें और अन्य वस्तुएँ गंदी कर देते थे। कबूतरों से होने वाली परेशानी से बचने के लिए लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली लगवानी पड़ी। समुद्र के गुस्से की वजह थी बिल्डरों की लालच एवं स्वार्थपरता। बिल्डरों ने लालच के कारण सागर के किनारे की भूमि पर बस्तियाँ-ऊँची इमारतें बनानी शुरू कर दीं। इससे समुद्र का आकार घटता गया और वह सिमटता-बसाने के लिए ऊँची जा रहा था। मनुष्य के स्वार्थ एवं लालच से समुद्र को गुस्सा आ गया। उसने अपने सीने पर दौड़ती तीन

जहाजों को बच्चों की गेंद की भाँति उठाकर फेंक दिया जिससे वे औंधे मुँह गिरकर टूट गए। ये जहाज़ पहले जैसे चलने योग्य न बन सके।

अ-प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1-पक्षियों को यहाँ-वहां शरण लेने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ रहा है?

2-दो कबूतरों ने अपना डेरा कहाँ जमा लिया?

3-किसकी देखभाल के लिए कबूतर बार-बार आता था?

4-कबूतर लेखक कि क्या-क्या चीजें गन्दी कर देते थे?

5-लेखक कि पत्नी ने क्या किता?

ब-बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर चुनिए-

1-पक्षियों के प्राक्रतिक आवास को क्या हुआ ?

अ-नष्ट ब-बन गया क-बदल गया

2-कबूतर के कितने अंडे थे?

अ-एक ब-दो क-चार

3-कबूतर लेखक कि क्या चीज गन्दी करते थे?

अ-कपड़े ब-मेज क-किताबें

4-समुद्र के गुस्से कि क्या वजह थी?

अ-बिल्डरों का लालच ब-बिल्डरों कि गुंडागर्दी क-बिल्डरों कि दया

5-समुद्र ने गुस्से में आकर क्या किया ?

अ-तूफ़ान ला दिया ब-तीन जहाजों कि गेंद कि तरह फैक दिया क-सब तबहा कर दिया

खण्ड-ग

प्रश्न 4.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो) [4]

(क) बड़े भाईसाहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) ततांरा-वामीरों की त्यागभरी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?

(ग) बढती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पीडीए? 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुखी होनेवाले' के पाठ के आधार पर लिखिए|

प्रश्न 5.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो ) [4]

(क) कबीर के अनुसार कैसी वाणी का प्रयोग करना चाहिए और क्यों?

(ख) मीरा ने पद में हरि से पीढ़ा हरने कि विनती किस प्रकार कि?

(ग)'मनुष्यता' कविता में कवि ने हमें परोपकार के लिए कैसे प्रेरित किया है?

प्रश्न 6.अ-हरिहर काका के ठकुरबारी जाने पर उनके भाइयों ने क्या किया ? [3]

ब-पि.टी. अध्यापक का स्वभाव कैसा था ? सभी बच्चे उनसे डरते क्यों थे? [3]

खण्ड-घ

प्रश्न 7.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **80-100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : [6]

(क) पहला सुख-निरोगी काया

- आशय
- व्यायाम और स्वास्थ्य
- समाज को लाभ

(ख) मोबाइल फोन

- लोकप्रियता
- सूचना क्रांति
- लाभ-हानि
- क्या मिली सीख

प्रश्न 8.अ-अपने विद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। [5]

अथवा

ब-आपके बचत खाते का ए. टी. एम. कार्ड खो गया है। इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 9.अ.एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए 'पुस्तक-कोष' में अपनी पुरानी पाठ्य-पुस्तकों का उदारतापूर्वक योगदान देने हेतु अनुरोध किया गया हो। [5]

अथवा

ब.आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ जरूरी कार्ड भी हैं। छात्रों से इसके मालिक की पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 10.अ.आपको टी.वी. देखना बहुत पसंद है परन्तु आपकी माताजी को यह समय की बर्बादी लगती है। आपके और आपकी माताजी के बीच जो संवाद होंगे, उन्हें लगभग **50** शब्दों में लिखिए| [5]

प्रश्न **1**1.सूती वस्त्र तैयार करने वाली कंपनी 'क-ख-ग पैरहन' की ओर से दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग **50** शब्दों में तैयार कीजिए। [5]

-----------------------------------------------